# निकाय चुनाव में भाजपा ने कसी कमर, बड़े चेहरों के साथ जेन-जी पर दांव

## 'डबल इंजन के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार का लक्ष्य'

- बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री अजय कुमार, निकाय चुनाव प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी सहित राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे

**जयपुर।** राजस्थान में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है। पार्टी ने निकाय चुनाव को सिर्फ वार्ड स्तर का चुनाव नहीं मानते हुए इसे संगठन की जमीनी ताकत और सरकार के कामकाज की परीक्षा के तौर पर लेने की रणनीति बनाई है। इसी के तहत केंद्रीय नेताओं को चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी देने के साथ युवा और नई पीढ़ी, खासकर जेन जी मतदाताओं पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री अजय कुमार, निकाय चुनाव प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी सहित राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में निकाय चुनाव की संभाग टीम, मेनिफेस्टो टीम, संभाग प्रभारी और सह प्रभारी भी शामिल हुए।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई ।

बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, प्रत्याशी चयन, स्थानीय मुद्दों, चुनावी रणनीति तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा हुई। भाजपा की रणनीति विकास और सुशासन को चुनाव का प्रमुख मुद्दा बनाने के साथ स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ रखने वाले नेताओं तथा नए चेहरों को आगे बढ़ाने की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने ढाई वर्ष के कार्यकाल में राजस्थान को विकास की नई दिशा देने का काम किया है। उन्होंने रोजगार, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, जल उपलब्धता, निवेश और आधारभूत ढांचे को सरकार की प्राथमिकता बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1 लाख 89 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां देने का काम हुआ है। यमुना जल समझौते और राम जल सेतु जैसे प्रयासों को भी उन्होंने राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण बताया।

राठौड़ ने कहा कि टिकट का फैसला जनाकांक्षा, स्थानीय समीकरण और जीत की संभावना को ध्यान में रखकर किया जाएगा। युवाओं, महिलाओं और कमजोर वर्गों को भी प्रत्याशी चयन में पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने का प्रयास रहेगा। आरक्षित महिला सीटों पर महिलाओं को अवसर देने के साथ प्रभावी महिला नेताओं को सामान्य सीटों से भी चुनाव मैदान में उतारने की संभावना पर विचार किया जाएगा।

निकाय वार्डों के आरक्षण के बाद टिकट के दावेदारों की सक्रियता भी बढ़ गई है। जयपुर सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में पार्षद, चेयरमैन और महापौर पदों को लेकर स्थानीय समीकरण बनने लगे हैं। ऐसे में केंद्रीय नेताओं की मौजूदगी में हुई बैठक को टिकट वितरण और चुनाव प्रबंधन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी विकास, सुशासन और जनकल्याण के मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी। वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मदन राठौड़ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास जनता को बताने के लिए ठोस उपलब्धियां नहीं हैं और पार्टी गुटबाजी में उलझी हुई है।

## सावन के तीसरे सोमवार पर शिवमय हुई छोटी काशी

**जयपुर ।** सावन के तीसरे सोमवार को गुलाबी नगरी 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठी। बादलों से घिरे सुहावने मौसम के बीच अलसुबह से ही शहर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। ताड़केश्वर महादेव, झारखंड महादेव, आत्माराम जलेश्वर महादेव, अमरपुरेश्वर महादेव और नर्मदेश्वर महादेव सहित छोटे-बड़े शिव मंदिरों में दिनभर अभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, विशेष शृंगार और आरती के आयोजन हुए। भक्तों ने दूध, गंगाजल, पंचामृत, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और फलों के रस से भगवान शिव का अभिषेक कर सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की।

वैशाली नगर स्थित प्रसिद्ध झारखंड महादेव मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार का सबसे बड़ा आकर्षण हरिद्वार की हर की पौड़ी से मंगवाया गया गंगाजल रहा। बब्बू सेठ मेमोरियल ट्रस्ट और धर्म फाउंडेशन की ओर से दो टैंकर गंगाजल जयपुर मंगवाया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी ने बताया कि गुरुवार को दो ट्रक हरिद्वार रवाना किए गए थे, जो शनिवार को गंगाजल लेकर जयपुर पहुंचे।

सोमवार सुबह करीब 5 बजे महाशिवाभिषेक शुरू हुआ, जो शाम 4 बजे तक चला।

## आमेर में जिंदा बम मिलने से दहशत

- आमेर में सीआईएसएफ कैंपस के पास जिंदा बम मिलने से हड़कंप मचा

**जयपुर।** आमेर में सीआईएसएफ कैंपस के पास जिंदा बम मिलने से हड़कंप मच गया। खातीवालों की ढाणी, वार्ड नंबर 148 क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे काम के दौरान एक स्थानीय महिला को खेत के कचरे में बमनुमा वस्तु दिखाई दी। महिला ने इसकी जानकारी परिवार को दी। लोगों ने संदिग्ध वस्तु देखी तो दहशत फैल गई और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई।

डिप्टी कंट्रोलर सिविल डिफेंस अमित शर्मा के अनुसार कंट्रोल रूम को करीब 11.05 बजे सूचना मिली। सूचना के करीब आठ मिनट बाद आमेर थाना पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने संदिग्ध वस्तु के आसपास जमा लोगों को हटाया और जांच के बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाया। जांच में वस्तु के जिंदा बम होने की पुष्टि हुई।

इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच बम को आबादी से दूर सुनसान स्थान पर पहुंचाया। करीब दोपहर 2 बजे जमीन में गहरा गड्ढा खोदकर बम को डिस्पोज किया गया। डिस्पोजल के दौरान काफी तेज धमाका हुआ। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

आमेर एसीपी सुरेंद्र सिंह रणावत के अनुसार कंट्रोल रूम को सोमवार सुबह बम मिलने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया। जांच के बाद संदिग्ध बम को आबादी से दूर सुनसान स्थान पर ले जाकर सुरक्षित तरीके से डिस्पोज किया गया।

आमेर थानाधिकारी गौतम डोटासरा ने बताया कि बम गांव के खेत में पड़े कचरे के बीच मिला था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि जिंदा बम वहां कैसे पहुंचा और इसके पीछे किसी व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## त्यौहार पर मिलावट करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने कहा कि त्यौहार के दौरान आमजन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए । राठौड़ ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जोखिम आधारित जांच, प्रभावी सैंपलिंग और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि त्यौहार के दौरान जिन खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका अधिक रहती है, उन पर विशेष निगरानी रखी जाए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मैदानी स्तर पर सक्रिय रहें और मिलावटी अथवा असुरक्षित खाद्य पदार्थ मिलने पर नियमानुसार तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सैंपल लेने के बाद उनकी जांच भी तय समय में पूरी हो, ताकि मिलावट पाए जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति या प्रतिष्ठान के खिलाफ आगे की कार्रवाई में अनावश्यक देरी नहीं हो।

## हाईकोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में दो माह में तबादला नीति बनाने के आदेश

- अदालत ने सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए सभी संबंधित विभागों में सात कार्य दिवस में ट्रांसफर शिकायत समितियां गठित करने का भी निर्देश दिया

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के अफसरों और कर्मचारियों के तबादलों को लेकर बडी संख्या में याचिकाएं दायर होने को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही अदालत ने हाईकोर्ट के पूर्व जज आलोक शर्मा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कमेटी गठित करने के आदेश दिए हैं। यह कमेटी व्यापक और समान तबादला नीति बनाकर दो माह में राज्य सरकार के समक्ष रखेगी। कमेटी में महाधिवक्ता और मुख्य सचिव को भी शामिल करने को कहा गया है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश तबादलों से जुडी 468 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए सभी संबंधित विभागों में सात कार्य दिवस में ट्रांसफर शिकायत समितियां गठित करने का भी निर्देश दिया है। वहीं याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देते हुए उनके ट्रांसफर आदेशों की क्रियान्विति पर फिलहाल रोक लगा दी। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश जयपाल रातावल व अन्य की याचिकाओं पर दिए।

अदालत ने स्पष्ट किया है कि तबादला नीति में कर्मचारियों के कार्यकाल, समय पूर्व स्थानांतरण, काउंसलिंग, पति-पत्नी के मामले, मेडिकल, दिव्यांगता, सेवानिवृत्ति के निकट कर्मचारी, विधवा, तलाकशुदा कर्मचारी, दुर्गम क्षेत्रों में सेवा, पारदर्शिता, स्थानांतरण प्राधिकारी, अभ्यावेदन की प्रक्रिया और बार-बार होने वाले मनमाने स्थानांतरण से सुरक्षा इत्यादि को भी शामिल करने के लिए कहा है। वहीं अदालत ने रेट की प्रभावी कार्यप्रणाली के लिए राज्य सरकार को संक्रमणकालीन व्यवस्था के तौर पर हाईकोर्ट के रिटायर जज की नियुक्ति के लिए तत्काल कदम उठाने और खाली पदों को भरने व न्यायिक सदस्यों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। हालांकि अदालत ने कहा कि तबादला सेवा का सामान्य हिस्सा ही है और कर्मचारी को किसी विशेष स्थान पर बने रहने का कानूनी अधिकार नहीं है, लेकिन ट्रांसफर की शक्ति असीमित भी नहीं है। यदि ट्रांसफर दुर्भावनापूर्वक, मनमाना व सक्षम अधिकारी के बिना वैधानिक तौर पर व नियम के खिलाफ किया गया है तो अदालत उसकी न्यायिक समीक्षा कर सकता है।

अदालत ने याचिकाकर्ताओं को कहा कि वे 15 दिन में सभी दस्तावेजों सहित अपने सक्षम अधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन दें।

## बकाया भुगतान के विवाद में युवक की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

- शराब पार्टी के बाद ठेकेदार से रुपए मांगने पहुंचा था सचिन
- लाठी-सरियों से हमला, बाल अपचारी भी हिरासत में

**जयपुर।** मुहाना थाना क्षेत्र में बकाया पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में 25 वर्षीय युवक की लाठी और लोहे के सरिए से पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि मृतक सचिन वर्मा रविवार रात अपने दोस्त के साथ शराब पीने के बाद टाइल्स ठेकेदार से बकाया भुगतान मांगने पहुंचा था। कहासुनी के बाद हुए झगड़े में आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 12 घंटे में वारदात का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया है।



पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार तथा एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया।

सचिन महाराष्ट्र में टाइल लगाने का काम करता था और करीब एक माह से अपने गांव मावंडा कलां आया हुआ था। 17 अगस्त को महाराष्ट्र जाने के लिए जयपुर पहुंचा, लेकिन ट्रेन छूट जाने पर वह रिंग रोड के पास किराए के कमरे में रहने वाले दोस्त हैप्पी उर्फ ऐपी के पास रुक गया। इससे पहले रविवार शाम दोनों ने कमरे पर शराब पी। दोस्त ने सचिन को बताया कि टाइल्स ठेकेदार बुद्धाराम उसका बकाया भुगतान नहीं कर रहा है। विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई। इस झगड़े के दौरान बुद्धाराम उसके साथी कृष्ण और एक बाल अपचारी ने सचिन पर लाठियों और लोहे के सरिए से हमला कर दिया।

## नगर निकाय व पंचायती राज चुनावों को लेकर कांग्रेस की बैठक

**जयपुर।** आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनावों की तैयारियों को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा तथा एआईसीसी प्रभारी राजस्थान सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने 23 जिलों के जिलाध्यक्ष, विधायक/विधायक प्रत्याशी, सांसद/सांसद प्रत्याशी, जिला प्रभारी/ सहप्रभारी, जिला प्रमुख, महापौर, अग्रिम संगठनो एवं विभागों/प्रकोष्ठों के प्रदेशाध्यक्ष जो उस जिले में निवासरत हैं की बैठक ली जिसमें नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सहप्रभारी चिरंजी राव भी शामिल रहे।

बैठक में चुनावों की रणनीति हेतु फीडबैक लिया गया तथा महत्वपूर्ण निर्देश प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, सुखजिन्दर सिंह रंधावा, टीकाराम जूली, सहप्रभारी चिरंजी राव ने दिये।

## 'हर माह 800 कुत्तों की नसबंदी, हिंसक को पकड़ने के लिए दो वाहनों का संचालन'

**जयपुर।** राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से आवारा कुत्तों को लेकर जारी दिशा-निर्देश की पालना में राजस्थान हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान अपना जवाब पेश किया है। अदालत ने मामले की सुनवाई एक सितंबर को रखते हुए जवाब को रिकॉर्ड पर लेने को कहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस संदीप तनेजा की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जीएस गिल ने विस्तृत जवाब पेश किया। जिसमें कहा गया कि निजी संस्था के जरिए पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जहां आवारा कुत्तों की नसबंदी कर तय समय के बाद उसे पकडे गए स्थान पर छोड दिया जाता है। हर माह करीब साठ सौ कुत्तों की नसबंदी की जा रही है। वहीं रेबीज पीडित, बीमार और हिंसक कुत्तों को पकडने के लिए दो वाहनों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही कुत्तों के रहने के लिए बाडों का निर्माण किया जा रहा है और स्थानीय स्तर पर पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति भी गठित हुई है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर आवारा कुत्तों के लिए तीन सौ जगहों पर डॉग फीडिंग स्थल बनाए गए हैं। पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में करीब दो करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पताल, स्कूल, सहित अन्य सार्वजनिक परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए स्थानीय संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं और शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान न्यायमित्र प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि अभी तक केन्द्र सरकार ने अपना जवाब पेश नहीं किया है। इस पर अदालत ने राज्य सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेने के आदेश देते हुए मामले की सुनवाई एक सितंबर को रखी है।

## सार-समाचार

### सारस्वत परिवार तीज उत्सव में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी





**जयपुर।** सारस्वत महिला मंडल, जिला जयपुर की ओर से राजधानी के रजवाड़ा रिसोर्ट, वैशाली नगर में सारस्वत परिवार सावन उत्सव सीजन 5 आया सावन झूम के तीज उत्सव के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध आयोजन में त्यौहार की जीवंत विरासत का मनमोहक और शानदार प्रदर्शन किया तथा पारंपरिक संगीत, नृत्य और उत्सवों की परंपराओं को एक साथ प्रस्तुत किया गया। सारस्वत ब्राह्मण समाज, जिला जयपुर एवं सारस्वत युवा मंडल, जिला जयपुर के सहयोग से आयोजित रंगारंग कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सावन-तीज की पारंपरिक रंगत, पारंपरिक वेशभूषा, रैम्प वॉक, कपल्स की भागीदारी, नृत्य प्रस्तुतियों, मनोरंजक गेम्स और विशेष आकर्षणों ने सभी का मन मोह लिया। उपाध्यक्ष राखी शुक्ला ने बताया कि आयोजन की शुरुआत गणेश वंदना तथा दीप प्रज्वलन सारस्वत ब्राह्मण समाज जिला जयपुर के महामंत्री सुरेश सारस्वत,विशिष्ट अतिथि सारस्वत ब्राह्मण समाज जिला जयपुर के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा तथा महिला मंडल जिला जयपुर की अध्यक्षा कुलदीप शर्मा तथा आयोजक टीम के सभी सदस्य द्वारा हुआ।

### गजानंद मिश्र मानव को पीएच.डी. की उपाधि मिली




**जयपुर/नई दिल्ली।** अमेरिका की सीडर ब्रुक यूनिवर्सिटी द्वारा कांस्टीट्ययूशनल क्लब, नई दिल्ली में आयोजित दीक्षांत समारोह में आर्ट कैटेगरी में फिल्म निर्देशक लेखक अभिनेता अधिवक्ता गजानंद मिश्र मानव को उत्कृष्ट अतुलनीय असाधारण फिल्म निर्देशक के रूप में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने के लिए "दर्शनशास्त्र" के सिनेमा डायरेक्टर्स आर्ट कैटेगरी में "पीएच.डी." की मानद डॉक्टरेट उपाधि,गोल्ड मेडल से मानव को साथ सीडर ब्रुक यूनिवर्सिटी यू.एस.ए.ने प्रदान कर पुरस्कृत किया है, फिल्म निर्देशक गजानंद मिश्र मानव को सम्मानित किया।

### आयुक्त राकेश शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी



जयपुर । सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त राकेश शर्मा ने 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को सूचना केंद्र, जयपुर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी एवं उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### रिश्तों की सुदृढ़ता के लिए पवित्रता जरूरी : मुनि सुधाकर



**जयपुर।** तेरापंथ महिला मंडल, सी-स्कीम के तत्वावधान- में आचार्य महाश्रमण जी के शिष्य मुनि सुधाकर जी के पावन सान्निध्य में रविवार को श्याम नगर स्थित भिक्षु साधना केंद्र में दंपति कार्यशाला का विशेष आयोजन हुआ। कार्यशाला में बड़ी संख्या में दंपतियों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यशाला का शुभारंभ मुनि सुधाकर जी ने नमस्कार महामंत्र के मंगलाचरण से किया। विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मुनि ने कहा कि स्वस्थ परिवार ही स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र का आधार है। इसके लिए पति-पत्नी के रिश्ते में आपसी पवित्रता और सुदृढ़ता जरूरी है। उन्होंने कहा कि दांपत्य जीवन में टकराव के मुख्य पांच कारण असंयम, आवेश, अभिमान, असंतुलन और अविवेक हैं। रिश्तों को मधुर एवं मजबूत बनाने के लिए संकीर्णता की भावना का त्याग कर विवेक चेतना को जागृत रखना चाहिए। मुनि ने युवा दंपतियों को अध्यात्म एवं संयम के छोटे-छोटे प्रयोगों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

### 17 साल से फरार स्थायी वारंटी सहित महिला तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पश्चिम की हरमाड़ा थाना पुलिस ने 'ऑपरेशन स्पेशल एरिया डोमिनेशन' के तहत कार्रवाई करते हुए 17 साल से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक महिला स्मैक तस्कर को भी दबोचकर उसके कब्जे से 6.14 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। अभियान के दौरान असामाजिक तत्वों और नशाखोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को निरोधात्मक धाराओं में गिरफ्तार किया गया।

## नकबजनी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के छह सदस्य गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से तार कटर, टूल किट, दो प्लास, गुलेल, कांच की गोलियां, लाल मिर्च पाउडर सहित नकबजनी में प्रयुक्त सामान बरामद किया

**जयपुर।** बगरू के रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित लुहाड़िया केबल फैक्ट्री में हुई नकबजनी का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को कालाडेरा रीको क्षेत्र में दूसरी वारदात को अंजाम देने से पहले ही दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से तार कटर, टूल किट, दो प्लास, गुलेल, कांच की गोलियां, लाल मिर्च पाउडर और अलग-अलग नंबर के पाने सहित नकबजनी में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण के अनुसार 21 जुलाई को लुहाड़िया एएनपी केबल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, एफ-29 रीको इंडस्ट्रियल एरिया, बगरू में सुबह करीब 2 से 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने वारदात की थी। फैक्ट्री परिसर से लाखों रुपए का सामान, मशीनरी, केबल, वायर, डाईज और अन्य सामग्री चोरी हुई थी। मामले की रिपोर्ट पर बगरू थाने में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।



पुलिस ने केबल फैक्ट्री में हुई नकबजनी का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया।

घटना के बाद पुलिस टीम ने मौके और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में संदिग्ध हरियाणा नंबर के ऑटो रिक्शा से आते और वारदात के बाद उसी से वापस जाते दिखाई दिए। पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी आधार पर आरोपियों का रूट मैप तैयार किया, जिसमें उनके हरियाणा की ओर जाने की जानकारी मिली।

इसी बीच 16 अगस्त की रात आरोपियों के कालाडेरा रीको क्षेत्र में दोबारा वारदात की फिराक में आने की सूचना मिली। बगरू थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और वारदात से पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा निवासी दीपक, साहिल उर्फ सागर, तरुण उर्फ डीजल, जोगेंद्र, सन्नी और नरेंद्र उर्फ निन्दर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी रेवाड़ी और झज्जर क्षेत्र के रहने वाले हैं।

पूछताछ में सामने आया कि गैंग हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्रों में फैक्ट्रियों की रेकी करता था। देर रात ऑटो रिक्शा से पहुंचकर फैक्ट्रियों में नकबजनी कर वायर व अन्य कीमती सामान चोरी करता और उसे हरियाणा ले जाकर बेच देता था। गिरोह के सदस्य पकड़े जाने की स्थिति में हमले के लिए लाल मिर्च पाउडर और गुलेल जैसी वस्तुएं भी साथ रखते थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में कुछ के खिलाफ पूर्व में नकबजनी, अवैध हथियार, हत्या और अन्य गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं।

## सीनियर सिटीजन कार्ड के नाम पर लाखों की ठगी

**जयपुर।** राजधानी में साइबर ठगों ने बैंक की ई-केवाईसी अपडेट और सीनियर सिटीजन कार्ड के फायदे बताने के नाम पर दो बुजुर्गों को निशाना बनाकर करीब 30.03 लाख रुपए ठग लिए। दोनों मामलों में ठगों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर विश्वास में लिया और बैंक से जुड़ी जानकारी हासिल करने के बाद खातों से रकम निकाल ली। जवाहर सर्किल और महेश नगर थाने में मामले दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दुर्गापुरा के चन्द्रकला कॉलोनी निवासी 71 वर्षीय गोपा चक्रवर्ती ने साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला के मोबाइल पर 22 जुलाई को दो अज्ञात नंबरों से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को आईसीआईसीआई बैंक का मैनेजर अभिजीत रॉय बताते हुए बैंक खाते की ई-केवाईसी पेंडिंग होने की बात कही।

आरोपी ने ई-केवाईसी के नाम पर महिला से आधार कार्ड, पैन कार्ड और डेबिट कार्ड की जानकारी मांगी।

## जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों की आरक्षण लॉटरी निकली

- ओबीसी के 30, एसी के 20 वार्ड रिजर्व, 30 सीटें अनारक्षित महिला के लिए

**जयपुर।** जयपुर जिले में आगामी निकाय चुनाव को लेकर सोमवार को वार्डों के आरक्षण की लॉटरी निकाली गई। जयपुर कलेक्ट्रेट सभागार में जयपुर नगर निगम के कुल 150 वार्डों के लिए वर्गवार और महिला आरक्षण की प्रक्रिया की गई। आरक्षण की स्थिति सामने आने के साथ ही शहर में निकाय चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदारों के राजनीतिक समीकरण भी बदलने लगे हैं।

जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में ओबीसी के लिए 30 और अनुसूचित जाति के लिए 20 वार्ड आरक्षित हैं। वहीं अनारक्षित महिला वर्ग के लिए 30 सीटें आरक्षित रखी गई हैं। इसके अलावा एसटी तथा आरक्षित वर्गों में महिलाओं के लिए भी वार्ड निर्धारित किए गए हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई प्रक्रिया में वार्डवार आरक्षण निर्धारित किया गया। जारी हो रही सूची के अनुसार वार्डों को अनारक्षित ओपन, अनारक्षित महिला, ओबीसी ओपन, ओबीसी महिला, एससी ओपन, एससी महिला, एसटी ओपन और एसटी महिला जैसी श्रेणियों में रखा गया है। लॉटरी की प्रक्रिया के साथ वार्डवार सूची को अपडेट किया जा रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 35 और वार्ड नंबर 100 की कैटेगरी का विवरण अभी अपडेट होना बाकी है।

वार्ड आरक्षण की लॉटरी का सीधा असर आगामी नगर निगम चुनाव की राजनीति पर पड़ेगा। जिन वार्डों में आरक्षण की श्रेणी बदली है, वहां पहले से चुनाव की तैयारी कर रहे कई दावेदारों को अपनी रणनीति बदलनी पड़ सकती है। वहीं महिला अथवा आरक्षित वर्ग के लिए निर्धारित हुए वार्डों में नए दावेदारों के सामने आने का रास्ता खुलेगा।